दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

# सेल्समैन के मकान से नकली अंग्रेजी शराब के पव्वों के 19 कार्टून जब्त किए

Alwar News - अलवर| आबकारी निरोधक दल ने साेमवार काे मालाखेड़ा के चाैमा गांव में छापा मारकर नकली अंग्रेजी शराब के पव्वों के 19...

Jan 14, 2020, 06:45 AM IST



अलवर| आबकारी निरोधक दल ने साेमवार काे मालाखेड़ा के चाैमा गांव में छापा मारकर नकली अंग्रेजी शराब के पव्वों के 19 कार्टून जब्त किए हैं। इन्हें शराब ठेके के सेल्समैन ने अपने मकान में रखा हुअा था। यह शराब पंचायत चुनाव में बेचने के लिए जमा की गई थी। निरोधक दल के सहायक आबकारी अधिकारी ज्ञान प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि ठेके का सेल्समैन अंग्रेजी शराब का कार्टून 2400 रुपए में बेच रहा है। कीमत से कम रेट पर शराब बेचने पर शक हुअा। इसके बाद जिला आबकारी अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार के निर्देशन में अलग अलग टीमें बनाई गई। ईअाई हरीश शर्मा की टीम ने ठेके की जांच की। दूसरी टीम ने उनके नेतृत्व में प्रहराधिकारी संतोष गुर्जर ने सेल्समैन वीरसिंह उर्फ वीरेंद्र राजपूत के चाैमा स्थित मकान में तलाशी ली। इस दाैरान अंग्रेजी शराब की ब्रांड नकली अाेसी, अाईबी, एमसीडी व्हिस्की तथा एमसीडी रम के पव्वाेंं के 19 कार्टून मिले, इन्हें जब्त कर लिया गया। टीम ने वीरसिंह को बीजवाड़ नरूका स्थित शराब की दुकान से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई शराब नकली है। इस मामले में आबकारी थाना राजगढ़ में मामला दर्ज किया गया है। पकड़ी गई शराब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे।

अलवर. सेल्समैन के मकान से पकड़ी गई नकली अंग्रेजी शराब।

**Source:** https://www.bhaskar.com/rajasthan/alwar/news/rajasthan-news-seized-19-cartoons-of-fake-english-liquor-items-from-salesmen39s-house-064509-6390792.html